# विधानसभा में दिनभर गूंजा फसल खराबे का मुद्दा

## किसान के नुकसान का प्रतिशत देखने के बजाय मानवीय दृष्टिकोण से मुआवजा तय करे सरकार : नेता प्रतिपक्ष

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर** । बारिश, शीतलहर और ओलावृष्टि के कारण प्रदेश में फसलें उजड़ गई हैं। किसानों का यह दर्द सोमवार को भाजपा-कांग्रेस के विधायकों ने विधानभा में बयां किया। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया ने आपदा राहत और फसल बीमा को अलग-अलग रखने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि आपदा राहत में सरकार को अधिकार है कि वह किसानों को पशुओं के मरने अथवा बिजली गिरने सहित अन्य प्रकार से हुए नुकसान की तुरंत भरपाई कर सकते हैं। उन्होंने किसान के नुकसान का परसेंटेज देखकर मुआवजा तय करने के वजाय मानवीय दृष्टिकोण अपनाने का सुझाव दिया। कटारिया ने विधानसभाध्यक्ष से आग्रह किया कि कृषि मंत्री के जवाब में नुकसान के सही आंकड़े सामने नहीं आए है ऐसे में चर्चा को आज ही वाइण्डअप करने के स्थान पर सही आंकड़े आने पर पुन: वक्तव्य देकर चर्चा कराई जावे।

इससे पहले उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने प्राकृतिक आपदा से हुए फसल

- **बीमा कंपनियों की मनमर्जी से किसानों को नहीं मिल रहा फसल खराबे का बीमा क्लेम : हाकम अली खां**

खराबे के चलते खेतों में से खराब फसल को निकालने के लिए नरेगा के तहत बनाए पैकेज को लागू करने का सुझाव दिया। उन्होने एन.डी.आर.एफ. के तहत केन्द्र और राज्य का 50-50 प्रतिशत सहायता राशि दी जावे।

विधायक ज्ञानचंद पारख ने ओलावृष्टि से फसल खराबे की भरपाई की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि दो दिन ओलावृष्टि से किसानों की सफल नष्ट हो गई। इसके लिए सरकार, जिला अधिकारियों को सही गिरदावरी के आदेश दे। अधिकारी किसान के प्रति नरम रुख अपनाएं और फसल बरबादी का सही आंकलन करें, जिससे किसानों को मुआवजा मिल जाए।

विधायक हाकम अली खां ने कहा कि फसल खराबे का किसानों को बीमा क्लेम नहीं मिल रहा है। किसानों को बताए बिना बीमा कंपनी सबसे अधिक बोई जाने वाली फसल का बीमा कर देती है। उन्होंने कहा कि खेतों मे सरसों की फसल बोई जाती है और कंपनी गेहूं का बीमा कर देती है, ऐसे में सरसों की खराबे पर कंपनी गेहूं का बीमा डकार जाती है। कुछ भाजपा विधायकों ने आरोप लगाया कि वर्ष 2022 के फसल खराबे का पैसा अभी तक किसानों को नहीं मिला।

### 'किसानों को हरसंभव सहयोग मिलेगा'

**जयपुर**। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा राज्य में ओलावृष्टि एवं शीतलहर (पाले) से फसलों को हुए नुकसान का शीघ्र आंकलन करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गिरदावरी का कार्य राजस्व विभाग द्वारा त्वरित गति से किया जा रहा है तथा राज्य सरकार इस आपदा में किसानों का हरसंभव सहयोग करेगी।

## 14.92 लाख हैक्टेयर उपज में हुआ दो से 65 प्रतिशत तक फसल खराबा : कृषि मंत्री

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर**। बारिश और ओलावृष्टि के कारण प्रदेश में फसल खराबे का मुद्दा दिनभर विधानसभा में गूंजा। विधायकों की चर्चा के बाद कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि राज्य में 2 सप्ताह के भीतर विशेष गिरदावरी कराई जावेगी। पीड़ित किसानों को फसल खराबे का उचित मुआवजा दिलाया जाएगा। कटारिया ने कहा कि अगर कहीं पर लापरवाही का मामला सामने आये तो विधायक भी इसकी जानकारी दें। जिस पर स्पीकर डॉ. सी.पी.जोशी ने मंत्री से विशेष गिरदावरी में जनप्रतिनिधियों को भी शामिल करने और फैक्ट सामने आने पर तय समय में फिर से चर्चा करवाकर किसानों को मुआवजा देने के लिए कहा।

कृषि मंत्री लालचंद कटारिया ने कहा कि राज्य सरकार ने ओलावृष्टि, पाला व शीतलहर से रबी फसल में हुए नुकसान

- **''बारिश, पाला व ओलावृष्टि से खराब हुई फसल की दो सप्ताह में विशेष गिरदावरी होगी''**
- **स्पीकर डॉ. सी.पी.जोशी ने गिरदावरी में जनप्रतिनिधियों को शामिल के लिए कृषि मंत्री को कहा**

का आंकलन करने के लिए विशेष गिरदावरी के निर्देश दिए हैं। जनवरी-2023 में पाले व शीत लहर से कुल बोये गए क्षेत्रफल 109 लाख 55 हजार हैक्टेयर में से करीब 14.92 लाख हैक्टेयर में दो से 65 प्रतिशत तक फसल खराबा होने की सूचनाएं हैं। यह खराबा प्रमुख रूप से श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, झुन्झुनूं, जयपुर, जालौर, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, सीकर, भरतपुर, पाली, अजमेर, जोधपुर और प्रतापगढ़ में हुआ है। इसे पहले वर्ष 2022-23 में रबी फसल में खराबा हुआ है। सभी कलक्टर्स को तत्काल सर्वे कर विशेष गिरदावरी की रिपोर्ट आपदा प्रबंधन विभाग को भेजने के लिए निर्देशित किया है। फसली नुकसान के आंकलन के लिए पटवारी मौके पर जाएंगे और कलक्टर को रिपोर्ट देंगे। प्रभावित किसानों को आपदा राहत कोष व प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के मापदण्डों के अनुसार राहत दी जा रही है। उन्होंने जन प्रतिनिधियों से कहा कि फसली नुकसान की सूचना प्राप्त होने पर वे विभाग को सूचित करें, ताकि प्रभावित किसानों को हर स्तर पर सहायता मिल सके।

# सहयोग, सलाह और सुझाव से राजस्थान के सपनों को साकार किया जा सकता है : डॉ. पूनियां

**जयपुर**। बेंगलुरु में आयोजित एक दिवसीय प्रवासी सम्मेलन में भाग लेने के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनियां, प्रदेश उपाध्यक्ष माधुराम चौधरी आज बेंगलुरु पहुंचे। जहां एयरपोर्ट पर प्रवासी राजस्थानियों ने भव्य स्वागत किया। स्वागत समारोह के बाद होटल आदर्श में उद्यमियों के साथ अल्पाहार किया। इसके बाद भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ के सह संयोजक तेजराज सोलंकी ने बताया कि हरियाणा भवन में प्रधानमंत्री की ओर से चल रहे मन की बात कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रदेशाध्यक्ष पूनिया ने हरियाणा भवन में रिसर्जन राजस्थान के तहत गेट वे टू योर बिजनेस कार्यक्रम में उद्योगपतियों से संवाद किया। कार्यक्रम में दिनेश मालपानी ने राजस्थान में उद्योग की संभावनाओं को लेकर पीपीटी

- **बेंगलुरु में प्रवासी सम्मेलन में पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया**
- **साउथ बेंगलुरु के सांसद तेजस्वी सूर्य ने राजस्थानी समाज का जताया आभार**

प्रेजेंटेशन दिया। इस अवसर सीरियल टेक्नोलोजी एंटरप्रेन्योर और विक्सर के सीईओ सुनील माहेश्वरी ने डॉक्टर सतीश पूनिया के जीवन से जुड़ी बातों को लेकर एक इंटरव्यू किया। रिसर्जन राजस्थान के कार्यक्रम संयोजक अमित माहेश्वरी ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ पूनियां के जीवन परिचय को विस्तार से बताया। इसके बाद जितेंद्र कुमावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

पुनिया ने उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि उद्योगपतियों के सुझाव से ही प्रदेश में अच्छा वातावरण बनता है। राजस्थान में संभावनाएं खूब हैं। राजस्थान को फिर से खड़ा करने की जरूरत है। सहयोग, सलाह और सुझाव से राजस्थान के सपनों को साकार किया जा सकता है। इसके बाद प्रवासी प्रकोष्ठ के राजू अग्रवाल मंगोडीवाला ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर शिक्षाविद्द चेनराज, जीतो अध्यक्ष नॉर्थ जोन इंद्रचंद बोहरा, जीतो अध्यक्ष साउथ जोन दिनेश बोहरा, नरेश नबजिया, दिलीप कोठारी व सज्जन राज मेहता मौजूद रहे। प्रवासी सम्मेलन तीसरे सत्र में शंग्री-ला होटल में प्रवासी संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमे राजस्थान व कर्नाटक प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी, प्रवासी प्रकोष्ठ के संयोजक राजू अग्रवाल मंगोडीवाला, कर्नाटक संगठन मंत्री जीवी राजेश, बेंगलुरू साउथ सांसद तेजस्वी सूर्या, राज्यसभा सांसद लहर सिंह ने संबोधित किया। प्रवासी संवाद को संबोधित करते प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा कि कर्म और जन्म भूमि दोनों के लिए आपका कर्तव्य है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए साउथ बेंगलुरु के सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा है कि राजस्थानी समाज का राजनीति में बहुत बड़ा योगदान है। मेरा राजनीतिक जीवन राजस्थानी समाज के पीछे चल रहा है। कार्यक्रम के अंत में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया ने कहा कि कर्नाटक में भाजपा की पक्ष में मतदान के लिए प्रवासियों को एकजुट होना पड़ेगा।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म

**जयपुर** । मालपुरा गेट इलाके में एक महिला से देहशोषण का मामला सामने आया है। थानाधिकारी सतीश चंद चौधरी ने बताया मूलतया जिला टोंक हाल इलाके निवासी महिला ने रिपोर्ट दी है। आरोप है किशोर उर्फ गिर्राज शादी का झांसा देकर पिछले 15 वर्षों से देहशोषण करता आ रहा है और उसकी सारी कमाई भी हड़प कर चुका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। वहीं गलता गेट थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया गिरफ्तार आरोपित सिराजुद्दीन (58) वन विहार कॉलोनी, गलता गेट के रहने वाला है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### बदमाशों ने युवती का मोबाइल छीना

**जयपुर** । मालवीय नगर इलाके में बाइक सवार बदमाश एक युवती का मोबाइल छीन ले गए। पुलिस ने बताया 12/394, मालवीय नगर निवासी वर्षा ठक्कर 29 जनवरी को इलाके स्थित रिलायंस पेट्रोल पम्प के पास से जा रही थी।

# पेपरलीक के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण के मकान की नीलामी की तैयारी शुरू

## जे.डी.ए. ने मकान तोड़ने का 19.11 लाख रु. खर्च 7 दिन में मांगा


**जयपुर** (का.सं.)। शिक्षक भर्ती पेपर लीक के मास्टरमाइंड भूपेंद्र सारण और उसके भाई गोपाल सारण को नोटिस जारी कर जेडीए प्रशासन ने 19.11 लाख रुपये मांगे है। जेडीए के प्रवर्तन अधिकारी ने नोटिस में चेतावनी दी है कि अगर मकान के तोड़फोड़ में जेडीए द्वारा खर्च की गई 19.11 लाख रुपये की रकम 7 दिन का नहीं चुकाई गई तो जेडीए प्रशासन इस प्लॉट की कुर्की कर नीलामी के जरिये यह राशि वसूलेगा।

मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन रघुवीर सैनी ने बताया कि पेपरलीक गिरोह के मास्टरमाइंड भूपेन्द्र सारण और उसके भाई गोपाल सारण के रजनी विहार स्थित प्लॉट 67-सी में तोड़फोड़ की गई थी। इसमें जेडीए के संसाधन, अधिकारी-कर्मचारी, लेबर, स्थानीय पुलिस और मशीनों का बेड़ा लगाया गया था। मकान के ध्वस्तीकरण में करीब 19.11 लाख



रजनी विहार में भूपेंद्र सारण का ध्वस्त मकान।

रुपये के खर्च का अनुमान है। यह रकम चुकाने के लिए पिछले दिनों भूपेन्द्र सारण और उसके भाई गोपाल सारण को नोटिस जारी किया था। सोमवार को पुन: नोटिस जारी कर 7 दिन का वक्त दिया गया है। अगर यह रकम जेडीए कोष में जमा नहीं करवाई जाती है तो उनके भूखंड की कुर्की करके जेडीए प्रशासन नीलाम करेगा और अपनी रकम वसूलेगा।




सीकर रोड स्थित 14 नम्बर पुलिया के दोनों तरफ लगने वाला ये जाम आने वाले समय में जयपुर में ट्रेफिक की विकट समस्या को दिखा रहा है।
फ़ोटो : दिनेश भारद्वाज

# 'टीकाकरण के कारण लम्पी वायरस का प्रभाव कम रहा'

**जयपुर**, (वि.सं.)। पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि लम्पी वायरस से बचाव के लिए राज्य सरकार द्वारा जिलों में एक करोड़ छह लाख 46 हजार गौवंश का टीकाकरण किया गया है।

कटारिया ने प्रश्नकाल के दौरान इस संबंध में विधायक गुलाब चंद कटारिया के पूछे गये पूरक प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिन जिलों में लंपी नहीं फैला था जहां बड़ी संख्या में टीकाकरण कर गौवंश को इस बीमारी से बचाने के सार्थक प्रयास किये गए। उन्होंने कहा कि टीकाकरण के फलस्वरूप उन जिलों में बीमारी का प्रभाव भी कम रहा। उन्होंने कहा कि टीकाकरण में केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा व्यय राशि का अनुपात 60 और 40 है। उन्होंने बताया कि विधानभा के सदस्यों द्वारा भी टीकाकरण के लिए करीब 13 करोड़ 52 लाख रुपये विधायक कोष से दिये गए, वहीं सांसदों द्वारा 80 लाख रुपये दिये गये।

इससे पहले पशुपालन मंत्री ने विधायक राजेन्द्र राठौड़ के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि प्रदेश में लम्पी स्किन रोग के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए गौवंशीय पशुओं में भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार गोट-पॉक्स वैक्सीन से माह दिसम्बर, 2022 तक कुल 106.46 लाख चिह्नित गौवंशीय पशुओं में टीकाकरण किया गया है। उन्होंने प्रदेश में लम्पी स्किन रोग से संक्रमित एवं मृत गौवंश पशुओं का जिलेवार संख्यात्मक विवरण सदन के पटल पर रखा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिन पशुपालक के गौवंशीय पशु लम्पी स्किन रोग से मृत हुये हैं, उन्हें पशु क्रय के लिए आसान दरों पर ऋण दिया जाना वर्तमान में विचाराधीन नहीं है।

# किरोड़ी मीणा का धरना सातवें दिन भी जारी

**जयपुर**। प्रदेश में बेरोजगार युवाओं पर हो रहे अत्याचार एवं उनकी जायज मांगों को लेकर सातवें दिन प्रदेश के युवाओं के साथ धरने पर राज्य सभा सांसद किरोड़ी लाल मीना बैठे हैं। धरना स्थल पर जयपुर शहर लोकसभा सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी, पूर्व मंत्री रोहिताश शर्मा, पूर्व मंत्री कैलाश वर्मा, पूर्व विधायक डॉ सुरेश चौधरी, पूर्व विधायक कन्हैया लाल मीना, मोती लाल पूर्व विधायक रूपवास, गोपी चंद गुर्जर पूर्व विधायक नगर, पूर्व विधायक प्रमिला कुंडेरा, बिरद्धि चंद शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष हरियाणा ब्राह्मण समाज सहित धरना स्थल पर पहुँचे। डॉक्टर किरोड़ी लाल ने कहा की रीट, एसआई, कांस्टेबल, आरएएस,

- **धरना स्थल पर जयपुर शहर लोकसभा सांसद रामचरण बोहरा, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी, पूर्व मंत्री रोहिताश शर्मा, पूर्व मंत्री कैलाश वर्मा, पूर्व विधायक डॉ सुरेश चौधरी व अन्य लोग धरना स्थल पर पहुँचे**

वरिष्ठ अध्यापक आदि पेपर लीक प्रकरण की सरकार हठधर्मिता छोड़ सरकार को प्रदेश के युवाओं के हित में सीबीआई जाँच करानी चाहिए।

कोराना काल में अपनी ज़िम्मेदारी बखूबी तरीक़े से चिकित्सा विभाग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले सीएचए अभ्यर्थियों को सरकार को रोज़गार देना चाहिए, बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक भर्ती में रिक्त 4015 पदों क़ो मिनीमम पासिंग मार्क्स में शिथिलता देकर भरा जाए जिससे बेरोज़गार बच्चों को रोज़गार मिल सके। मुख्यमंत्री प्रदेश के युवाओं की मेहनत पर डाका डालने वाले डकैतों पर कार्यवाही करनी चाहिए, पेपर लीक से प्रदेश का युवा ठगा सा महसूस कर रहा है। मुखिया प्रदेश का युवा सब कुछ देख रहा है आने वाले चुनावों में वोट की चोट पर बाहर का रास्ता दिखाना भी जानता है।

### मेडिकल शॉप में घुसकर मारपीट

**जयपुर** (कासं)। प्रताप नगर इलाके में कार सवार बदमाशों ने मेडिकल शॉप में घुसकर सेल्समैन से मारपीट की। थार जीप में सवार होकर आए बदमाशों ने डंडे और लोहे के स्टूल से कर्मचारियों को पीटा। एक सेल्समैन का सिर फोड़कर हमलावर फरार हो गए। मेडिकल शॉप में लगे सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की करतूत कैद हो गई। पुलिस ने बताया कि बीलवा शिवदासपुरा निवासी हनुमान शर्मा (28) ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है कि कुम्भा मार्ग प्रताप नगर स्थित अपोलो फार्मेसी पर वह सेल्समैन है। शनिवार को वह मेडिकल शॉप पर अपने तीन-चार साथियों के साथ ड्यूटी पर था। रात करीब 10:45 बजे दो लड़के शॉप पर नींद की दवाई मांगने आए। दवाई नहीं होने की कहने पर कर्मचारियां से गाली-गालौच करने लगे। जिसके बाद वह वहां से चले गए। करीब 10 मिनट बाद ही दोनों बदमाश अपने 4-5 साथियों के साथ थार जीप से वापस आ गए और हमला कर दिया।

# मर्डर और धोखाधड़ी के आरोपियों को बनाया वक्फ कमेटी का मेंबर : कटारिया

**जयपुर**, (वि.सं.)। मर्डर और धोखाधड़ी के आरोपियों को वक्फ कमेटी में मेंबर और पदाधिकारी बनाए जाने पर विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान जमकर तनातनी हुई। बीजेपी विधायक प्रतापसिंह सिंघवी के सवाल पर अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने विधानसभा में बताया कि वक्फ कमेटी के पदाधिकारी मनोनीत करने पर क्रिमिनल केस से जुड़ा शपथ पत्र लिया जाता है। अब तक किसी मेंबर के खिलाफ शिकायत नहीं मिली है। मंत्री के जवाब पर सिंघवी ने नाराजगी जताई।

- **विधानसभाध्यक्ष ने पूरे मामले की जांच कराने को कहा**

इस बीच नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने सवाल उठाते हुए कहा कि वक्फ कमेटी में पांच-पांच मेंबर ऐसे हैं, जिनके खिलाफ मर्डर और धोखाधड़ी जैसे केस चल रहे हैं। मंत्री कह रहे हैं कि शपथ पत्र लिए गए हैं। फिर किस बात के शपथ पत्र लिए हैं? इस बीच विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी ने दखल देते हुए कहा कि ''इस पूरे मामले की जांच करवाई जानी चाहिए। बीजेपी विधायक प्रतापसिंह सिंघवी ने कहा, ''अपराधियों को मेंबर बनाया है, इस पर कार्रवाई हो।'' सिंघवी को स्पीकर ने बोलने की मंजूरी नहीं दी, फिर भी सिंघवी बोलते रहे। इस पर स्पीकर ने सिंघवी को जमकर डांट लगाई।

### एक ही नया करोना संक्रमित मिला

**जयपुर**। प्रदेश में सोमवार को करोना संक्रमण का केवल एक ही नया मामला सामने आया है। हालांकि इस बीच किसी भी मरीज के ठीक नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 10 हो गए हैं।

प्रदेश में सोमवार को एक नया संक्रमित भरतपुर जिले में मिला है। इससे पहले रविवार को राज्य में 6 रोगी पाए गए थे। इधर राजधानी जयपुर में आज कोई भी नया संक्रमित नहीं मिला है। जिले में फिलहाल 4 एक्टिव केस हैं। उधर प्रदेश में सोमवार को किसी भी मरीज के रिकवर नहीं होने से एक्टिव केस बढ़कर 10 हो गए हैं।

### 20 ग्राम स्मैक समेत दो सप्लायर पकड़े

**जयपुर** । कमिश्नरेट की स्पेशल टीम ने खोह नागोरियान इलाके में कार्रवाई करते हुए 20 ग्राम स्मैक जब्त कर दो सप्लायरों को पकड़ा है, जिनमें एक बालअपचारी शामिल है। पुलिस ने तस्करी में इस्तेमाल एक लूना मोपेड भी जब्त की है। डीसीपी (क्राइम) परिस देशमुख ने बताया आरोपित पवन मौर्य (19) निवासी नागतलाई कच्ची बस्ती, गलता गेट को गिरफ्तार कर इसके साथी बालअपचारी को निरुद्ध किया गया है। दोनों के कब्जे से 20 ग्राम स्मैक सहित तस्करी में प्रयुक्त लूना बरामद की गई है। सप्लायरों ने यह स्मैक रहीम नगर, खोह नागोरियान निवासी इरशाद उर्फ हर्षी से 2600 रूपए प्रति ग्राम के हिसाब से खरीदकर 5200 रूपए प्रतिग्राम के हिसाब से बेचना कबूल किया है।

# रामकेश मीणा ने सरकार को पानी की किल्लत के मुद्दे पर घेरा

**जयपुर**, (वि.सं.)। विधायक रामकेश मीणा ने जलदाय मंत्री महेश जोशी पर नाराज होकर उनके जवाब से असंतुष्ट होते हुए कहा कि मेरे इलाके में 16 साल पहले चंबल-नादौती पेयजल प्रोजेक्ट लटका हुआ पड़ा है। मेरा पूरा इलाका बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहा है। इस पर ध्यान क्यों नहीं दिया। इस एसपीएमएल कंपनी को काम दिया उसे 2008 तक पहले फेज का और 2016 तक दूसरे फेज का काम पूरा करना था। अब भी काम पूरा नहीं हुआ और कंपनी को पेमेंट कर दिया। पांचना बांध से पानी नहीं दिया जा रहा।

- **मंत्री महेश जोशी ने कहा कि कंपनी के खिलाफ नियमों में रहकर ही एक्शन लिया जाता है, आगे भी कार्यवाही करेंगे**

रामकेश मीणा को स्पीकर ने टोका, लेकिन वे लगातार बोलते रहे। बाद में जलदाय मंत्री महेश जोशी ने कहा कि कंपनी के खिलाफ नियमों में रहकर ही एक्शन लिया जाता है, आगे भी एक्शन होगा। काम में देरी करने पर कंपनी पर भारी जुर्माना लगाया है। चंबल, सवाईमाधोपुर, नादौती पेयजल प्रोजेक्ट का काम दिसंबर 2023 तक पूरा किया जाना प्रस्तावित है। इस प्रोजेक्ट के 29 गांव बचे हैं। 19 सितंबर 2013 को सवाईमाधोपुर जिले और सिटी के साथ करौली के 109 गांवों को पेयजल प्रोजेक्ट में शामिल करने के लिए 567 करोड़ का बजट जारी किया। इसका काम इस साल जून तक पूरा कर लिया जाएगा। मंत्री के जवाब पर मीणा ने जमकर सवाल उठाए और कहा कि पिछले 16 साल से प्रोजेक्ट पूरा नहीं होना गंभीर बात है।

# मजबूरी का नाम राजस्थान का गांधी : पारख

## भाजपा विधायक ने सदन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर तंज कसा

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर** । भाजपा विधायक ज्ञानचंद पारख विधानसभा में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर जमकर तंज कसे।

पारख ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा करते हुए कहा कि ''राजस्थान का मुख्यमंत्री आज मजबूर है। अब तो कहावत बन गई कि मजूबरी का नाम राजस्थान का गांधी है। राजस्थान के मुख्यमंत्री को हमने इतना मजबूर कभी नहीं देखा। एक तो कोरोना और एक आपकी पार्टी का कोरोना, आपकी सांसे निकाल रहा है। ऐसे में प्रदेश को संभालना मुश्किल हो गया। हमने देश-प्रदेश की मजबूत कांग्रेस देखी है। कांग्रेस जो पाकिस्तान

- **''मुख्यमंत्री गहलोत ने शिक्षकों के सम्मेलन में पूछा था क्या ट्रांसफर के लिए पैसा देना पड़ता है? इस पर सभी शिक्षकों ने चिल्लाकर कहा कि देना पड़ता है।''**

के दो टुकड़े करवाने का दंभ भरती है। वह आज देश के टुकड़े करने वाली टुकड़े-टुकड़े गैंग की गिरफ्त में है। राहुल गांधी की यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से ज्यादा टुकड़े-टुकड़े गैंग के लोग थे।''

पारख ने कहा कि तबादला-पोस्टिंग में भारी करप्शन है। मुख्यमंत्री ने पिछले दिनों शिक्षकों के सम्मेलन में पूछा था कि क्या ट्रांसफर के लिए पैसा देना पड़ता है? इस पर सभी शिक्षकों ने चिल्लाकर कहा कि देना पड़ता है। क्या मजबूरी है मुख्यमंत्री की, जब मुख्यमंत्री के सामने शिक्षक कह रहे हैं कि ट्रांसफर-पोस्टिंग में पैसा देना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि हमने 1985 में उस कांग्रेस को देखा है, जिसने दागी नेता चाहे कितना बड़ा हो, उसका टिकट काट दिया था। आज उनके चंगुल में फंस रहे हो। कोई भी रिश्वत में पकड़ा जाता है तो कहता है कि ऊपर तक पैसा देना पड़ता है। यह ऊपर वाला कौन है? जिस दिन ऊपर वाला पैसा लेना बंद कर देगा, उस दिन नीचे भ्रष्टाचार अपने आप बंद हो जाएगा। बहस के दौरान बीजेपी विधायक वासुदेव देवनानी ने सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट की खेमेबंदी को लेकर सरकार पर निशाना साधा। देवनानी ने कहा कि मुख्यमंत्री और पूर्व डिप्टी सीएम की लड़ाई में जनता पिस रही है। अफसर मंत्रियों की नहीं मान रहे हैं, मंत्री, विधायकों की नहीं मान रहे। स्तरहीन बयानबाजी हो रही है। इससे राजस्थान की छवि बिगड़ रही है। मुख्यमंत्री खुद लाचारी का अनुभव कर रहे हैं।